| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Uint-1-B | 2.5 | 1 |
| Unit-1-A | 10 | 4.25 |
| Unit-1-B | 22.5 | 8.25 |
| Unit-1-C | 40 | 9.5 |
| Unit-2-A | 10 | 5 |
| Unit-2-B | 25 | 11.5 |
| Unit-2-C | 30 | 13 |
| Unit-3-A | 20 | 10.75 |
| Unit-3-B | 20 | 2 |
| Unit-3-C | 20 | 7.75 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 73 |
| Total Obt. Marks in Words | | Seventy Three |

PART - I

Paper Code

**P-1**

17168

Medium of Exam

हिन्दी

Hindi ●

English ○

nation of the candidate shall be
didate will be liable-
: Name, Address, Roll Number,

: questions.
त्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
तें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
र्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में
।

ie number of pages) then bring it
able for that.
दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

Ball Point Pen before answering.
: Cover Sheet (OMR sheet).
ानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

ig details have to be filled by the

ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

: marks are indicated in each unit

यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।
ish versions of the question, the

रूपान्तर मान्य होगा।
guage and script, unless directed

ो दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

should not write answer outside

बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

be deducted.

out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
ल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
y other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
ी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair** applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

ndidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or ire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
## अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English,** not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर हिन्दी या अंग्रेजी भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

# PAPER-I : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं ।

1. Who were the Dyodhidars ?

   ड्योढ़ीदार किन्हें कहा जाता था ?

   ड्योढ़ीदार वे व्यक्ति जो मध्यकालीन राजस्थान में राजप्रासाद, दुर्ग, अंतपुर तथा राज्य के सीमान्त क्षेत्रों की सुरक्षा करते थे।

   0 (Zero)
   (Q.01)

2. Name any two dialects counted under Middle-Eastern Rajasthani or Dhundhadi.

   मध्य-पूर्वी राजस्थानी अथवा ढूँढाड़ी के अन्तर्गत सम्मिलित किन्हीं दो बोलियों के नाम लिखिए ।

   (i) तोरावाटी

   (ii) राजावाटी

   1(One)
   (Q.02)

   1(One)
   (Q.02)

3. How were Buddhism and Jainism different from the religion of Samhitas ? Underline two main differences.

बौद्ध और जैन मत संहिताओं में वर्णित धर्म से किस प्रकार भिन्न थे ? दो मुख्य भिन्नताओं को रेखांकित कीजिए।

| मत संहिता | बौद्ध व जैन धर्म |
|---|---|
| → ईश्वरवादी दृष्टिकोण | 1 अनीश्वरवादी मत |
| → मूर्तिपूजा बहुदेववाद, व साकार ब्रह्म | 2 मूर्तिपूजा, बहुदेववाद इत्यादि धार्मिक आडम्बरों का खण्डन |
| → जाति प्रथा / वर्ण व्यवस्था | 3 जाति प्रथा - वर्ण व्यवस्था का अभाव |

1.5(One½)
(Q.03)

4. What is Tin-Kthiya ?

तिन–कथिया क्या है ?

तिन कठिया प्रथा बंगाल मे अंग्रेजो व किसानो के मध्य समझौते के तहत एक प्रथा थी जिसके तहत किसानो को भूमि के 3/20 भाग मे अनिवार्य : नील की खेती करनी होती है

दुष्प्रभाव (i) भूमि बंजर (ii) अनुबंध की एकपक्षीय शर्तें

4 इसी प्रथा के खिलाफ राजकुमार शुक्ल के मनाने पर गांधीजी द्वारा नील आंदोलन

0.75(Zero¾)
(Q.04)

5. Explain Universal Priesthood.

सार्वभौमिक पौरोहित्य का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

सार्वभौमिक पौरोहित्य से अभिप्राय : पोप व चर्च का ईसाई जगत के राजनीतिक, आर्थिक, व सामाजिक सभी पक्षो पर प्रभाव से है।

यह समस्त वर्गों द्वारा चर्च के सभी नियमावलियों के अनुकरणों को समर्पित करता है

× 0 (Zero)
(Q.05)

Unit – I/Part – B

Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the following terms related to Rajasthani Literature :
   (1) Vat
   (2) Vachnika

   राजस्थानी साहित्य से सम्बन्धित निम्नलिखित पदों की व्याख्या कीजिए :
   (1) वात
   (2) वचनिका

# वात – साहित्य का एक रूप जिसमे किसी राजा या वंश विशेष की उपलब्धियों, किसी घटना विशेष का वर्णन या व्याख्या होती है। गद्य व पद्य दोनो रूपो मे रचित
उदाहरण :- वीरमदेव सोनगरा री वात 1(One) (Q.06(i))

# वचनिका – यह गद्य-पद्य युक्त तुकान्त रचना होती है जिसमे अंत्यानुप्रास देखने को मिलता है
वचनिका मे अपभ्रंश मिश्रित राजस्थानी भाषा का प्रयोग किया जाता है।
उदाहरण :- अचलदास खिंची री वचनिका 1(One) (Q.06(ii))

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

7. Critically evaluate the attitude of the Jaipur Praja Mandal towards Quit India Movement.

भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रति जयपुर प्रजामण्डल के दृष्टिकोण का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान जयपुर प्रजामण्डल व रियासत के मध्य जेंटलमेन समझौता (सन्धि) जिसके तहत प्रजामण्डल ने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग नहीं लिया व रियासत ने उत्तरदायी शासन स्थापना का वायदा किया।

प्रजामण्डल के एक भाग "आजाद मोर्चा" का गठन कर आंदोलन में भाग लिया जिसमें बाबा हरिश्चन्द्र, दौलतमल भण्डारी, गुलाबचन्द कासलीवाल शामिल

| पक्ष | विपक्ष |
|---|---|
| (i) प्रजामण्डल में उत्तरदायी शासन की स्थापना। | (i) राष्ट्रीयता की भावना को ठेस |
| (ii) प्रजामण्डल को आंदोलनकारियों को शरण देने की अनुमति | (ii) राष्ट्रीय आंदोलन में जनबल की कमी |
| (iii) प्रजामण्डल हड़ताल प्रदर्शन कर सकता था। | (iii) एकीकरण में बाधा |

8. Explain the socio-religious significance of Naynar and Alwar bhakti saints.

नयनार और अलवार भक्ति संतों के सामाजिक–धार्मिक महत्त्व को व्याख्यायित कीजिए।

[आलवार] – दक्षिण भारत में वैष्णव मत परम्परा के प्रवर्तक, संख्या - 12, मुख्य आंडाल

[नयनार] – दक्षिण भारत में शैव मत परम्परा के प्रवर्तक – जिनमें माणिक वाचकार, सुन्दरमूर्ति व तिरुनवुक्करसर प्रमुख

| सामाजिक | धार्मिक |
|---|---|
| (i) जाति प्रथा व अस्पृश्यता का खण्डन | (i) धार्मिक आडम्बरों व कुरीतियों, बहुदेववाद, मूर्ति का विरोध |
| (ii) समाज में नैतिक अनुशासन का विकास | (ii) धर्म की सरल व उदार व्याख्या |
| (iii) स्थानीय साहित्य व भाषा का विकास | (iii) हिन्दू-मुस्लिम एकता व सर्वधर्म समभाव को भाव |
| (iv) कीर्तन परम्परा, संगीत शैलियों का विकास | (iv) एकेश्वरवाद को बल |
| (v) सामाजिक समता पर बल | |

2(Two) (Q.07)

1.25(One¼) (Q.08)

9. The Razakars were the main obstacles to the accession of Hyderabad into Indian Union. Explain.

हैदराबाद के भारतीय संघ में विलय के मार्ग में रज़ाकार प्रमुख बाधा थे । स्पष्ट कीजिये ।

हैदराबाद निजाम स्वतंत्रता पश्चात भारतीय संघ मे विलय की इच्छुक नहीं थी, व पाकिस्तान में शामिल होना चाहता था।

रज़ाकार कट्टर मुस्लिम अर्द्ध सैन्य समूह था जिसने हैदराबाद के पाक. मे विलय का समर्थन किया.

रज़ाकारों द्वारा (i) हैदराबाद की शासकीय सेना के साथ समानान्तर सेना का गठन

(ii) हैदराबाद मे साम्प्रदायिक दंगों की शुरुआत, गैर मुस्लिमों का दमन

(iii) अलगाववादी समूहों का गठन व संघ के विरुद्ध जनता को भड़काया

अंततः भारतीय सेना द्वारा "ऑपरेशन पोलो" के तहत रज़ाकारों का दमन कर हैदराबाद को भारतीय संघ मे सम्मिलित कर लिया गया।

1.5(One½)
(Q.09)

10. How did the two World Wars enhance the political and economic participation of European women ?

दो विश्व युद्धों के कारण राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्र में यूरोपीय स्त्रियों की भागीदारी किस प्रकार से बढ़ी ?

① विश्वयुद्धों में पुरुषों की संख्या मे कमी. जिससे महिलाओं को रोजगार करने के इजाजत प्राप्त, व

② महिलाओं द्वारा उद्यमों की स्थापना व संचालन

③ राजतंत्रों की जगह - लोकतंत्र की स्थापना जिससे स्त्रियों को राजनीतिक अधिकार - मतदान, चुनाव लड़ने की स्वतंत्रता इत्यादि प्रदत्त

④ राजनीतिक व आर्थिक शून्यता को महिलाओं ने भरा

⑤ महिलाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा का अधिकार प्रदत्त जिससे महिला सशक्तिकरण सम्भव.

⑥ महिला संगठनों व कार्य समूहों का उदय जिन्होंने इस स्थिति दौरान महिलाओं मे राजनीतिक व आर्थिक चेतना का संचार किया।

2.5(Two½)
(Q.10)

**Unit – I/Part – C** **Marks : 40**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. Give a brief account of Sun temples of Rajasthan.

राजस्थान के सूर्य मन्दिरों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।

प्राचीन व मध्यकालीन राजस्थान मे "सूर्य" विभिन्न राजवंशो के प्रतीक, व आराध्य के रूप मे विद्यमान जिसके तहत व सूर्यमंदिरो की बहुतायत मे स्थापना हुई

① ओसियां का सूर्यमंदिर → ग्रेनाइट? पत्थर से स्थानीय गुर्जर प्रतिहार शैली से निर्मित। अतंकृत जगती, त्रिरथ पंचरथ तल विन्यास विन्यास वर्गाकार गर्भगृह व ऊपर की ओर पतला होता शिखर इसकी प्रमुख विशेषताए है यह ओसियां के वृहत समूह मंदिर समूह का हिस्सा है

② झालावाड़ का सूर्य मंदिर → झालावाड़ के झालरापाटन मे चालुक्य शासकों द्वारा निर्मित → बालुआपत्थर से निर्मित जिसमे ग्रेनाइट से अलंकरण → अनेकाण्डक शिखर, ऊंची उठी हुई पीठ व वेदी बंध व अलंकृत स्तम्भ प्रमुख विशेषताएं

③ वरमाण (सिरोही) का सूर्य मंदिर → दिल्ली गुजरात मार्ग पर स्थित बलुआ पत्थर निर्मित मंदिर मुस्लिम आक्रमणो द्वारा ध्वस्त वर्तमान मे खंडित अवस्था मे विद्यमान

1.5(One½)
(Q.11)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Continuity of culture is a unique feature of Indian civilization, which is unparalleled in world civilizations. Explain.
विश्व की संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति की निरन्तरता एक अनन्य विशिष्टता है। व्याख्या कीजिए।

# विश्व के अनेक प्राचीन सभ्यताएं यथा "एज़्टेक सभ्यता, मिस्र सभ्यता इत्यादि और व रोम, यूनान, ग्रीक इत्यादि संस्कृतियां समय के साथ लुप्त व अप्रासंगिक हो गई
भारतीय संस्कृति विदेशी शासन, आक्रमण व दमन के पश्चात भी अपने मूल स्वभाव को बनाए हुए है

कारण - (i) धर्म की उदार स्वरूप → भारतीय संस्कृति में धार्मिक व्यवस्था उदार, व्यक्ति को ईश्वर के साथ अपने अनुसार संबंध बनाने की स्वतंत्रता - वैष्णव, शैव, बौद्ध सभी सहअस्तित्व से

(ii) संस्कृति की लोचशीलता → भारत संस्कृति रविदास व कबीर ने विधान हेतु आधुनिक व प्रासंगिक तत्वों को निरन्तर अपनाया

(iii) विदेशी शासकों की कतिपय धर्म निरपेक्ष शैली → मध्यकालीन मुगल शासकों व अंग्रेजों ने भी धर्म व संस्कृति का न तो दमन किया न ही अपनी संस्कृति थोपी

(iv) भारतीय सहअस्तित्व / वसुधैव कुटुम्बकम का भाव → अन्य संस्कृतियों के प्रति सकारात्मक भाव, जिससे संघर्ष की स्थिति कम ही उत्पन्न हुई

(v) संस्कृति व धर्म के प्रति सुदृढ़ निष्ठा → भारतीय जनमानस की संस्कृति व रीति रिवाजों के प्रति अटूट निष्ठा जिसने इसे दमन से बचाया व पीढ़ी दर पीढ़ी जारी रखा

(vi) प्राचीनता → भारतीय संस्कृति सनातन से सतत रूप से जारी यह विश्वास न रहकर जीवन का हिस्सा बन गई

निष्कर्षतः भारतीय संस्कृति अपनी उदार चरित्र, विविध वर्गों के विश्वासों के समायोजन के कारण अपनी मूलभूत विशेषताओं व विश्वासों को चिरकाल से अद्यतन तक निरन्तर बनाए हुए

1 (One)
(Q.12)

13. Mauryan pillar are of indigenous origin. Explain.
मौर्य स्तम्भ देशज मूल के हैं। व्याख्या कीजिए।

मौर्यकाल में "अशोक" द्वारा स्तम्भ निर्माण की शुरुआत

→ उद्देश्य - (i) राजाओं की उपलब्धियों, धम्मों व स्थापत्य विशेष की जानकारी हेतु

(ii) मौर्य शासन के प्रतीक के रूप में

कतिपय आर अशोक के द्वारा 7 वृहत स्तंभ लेखों को भी उत्कीर्ण

→ सारनाथ स्तंभ, सांची स्तम्भ, रुम्मनदेई स्तंभ

→ कतिपय शासकों द्वारा इन स्तंभों को "ईरानियन" द्वारा प्रेरित बताया गया है जबकि दोनों में मूलभूत अंतर

| ईरानियन स्तम्भ | मौर्य स्तम्भ |
|---|---|
| (i) राजमहलों/राजकीय भवनों का भाग | 1. स्वतंत्र स्थानों पर स्थापित |
| (ii) अलग पत्थरों को जोड़कर निर्मित | 2. एकाश्मक पत्थर का प्रयोग |
| (iii) जालीदार स्तम्भ | 3. सपाट चमकदार स्तम्भ |
| (iv) अभिलेख विहीन | 4. मौर्य कालीन स्तंभों पर अभिलेख उत्कीर्णित |
| (v) फलक के नीचे सीधा कमल | 5. फलक के नीचे आवाशमुखी कमल |
| (vi) शिखर पर मानव आकृति का अंकन | 6. शिखर पर पशु पक्षियों का अंकन |
| (vii) फलक पर ज्यामितीय आकार | 7. फलक पर बौद्ध धर्म के प्रतीक |
| (viii) सुदृढ़ आधार पर निर्मित | 8. अधिकांश बिना चबूतरे के सीधे |

[प्रमुख स्तम्भ] • सारनाथ → 1. पत्थर, फलक पर अशोक चक्र का अंकन भारत का राष्ट्रीय प्रतीक

→ कौशाम्बी स्तंभ → प्रयाग प्रशस्ति उत्कीर्णित

निष्कर्षतः मौर्य कालीन स्तम्भ स्थानीय स्थापत्य शैली में निर्मित व स्थानीय उद्देश्यों से प्रेरित थे अतएव इनका उद्भव मूल देशज ही है।

2(Two)
(Q.13)

14. European industrial revolution finally gave rise to New Imperialism. Explain.
यूरोपीय औद्योगिक क्रांति ने अन्ततः नव साम्राज्यवाद को जन्म दिया । वर्णन कीजिए ।

1750 के ~~[illegible]~~ बाद यूरोप में उत्पादन व वितरण प्रणाली का तीव्र मशीनीकरण हुआ जिसे औद्योगिक क्रांति की संज्ञा दी गई। औद्योगिक क्रान्ति ही अन्ततः नवसाम्राज्यवाद का कारण बनी

# (आर्थिक रूप में) (i) अधि उत्पादन की स्थिति जिसे बेचने हेतु बाजार की आवश्यकता - उपनिवेशों की संख्या में वृद्धि
(ii) उत्पादन हेतु (कच्चा माल व बाजार) की आवश्यकता को पूरा करने हे.
(iii) यातायात व संचार के साधनों का विकास जिससे उपनिवेशों तक पहुँच व नियंत्रण को संभव बनाया।
(iv) क्रांति के दौरान यूरोप में (जनांकिकीय क्रांति) जिससे जनसंख्या वृद्धि उक्त समाधानों हेतु व दबाव कम करने हेतु नवीन उपनिवेशों की खोज ताकि वहां जनसंख्या स्थानान्तरित की जा सके
(v) पूंजी आधिक्य - जिसकी विनियोग व सुरक्षा हेतु।

# (राजनैतिक रूप में) - (i) राजनीतिक आंदोलन की शुरुआत जिससे राज्यों पर दबाव
(ii) राजनीतिक प्रतिष्ठा व शान व उपनिवेशों की संख्या राष्ट्रीय राज्यों के आत्म सम्मान का विषय - जिससे प्रतिस्पर्धा में वृद्धि

# (सामाजिक रूप में) - (i) (दबाव समूहों व वर्गों का उदय) औद्योगिक क्रांति से "जहाजरानी उद्योग, वस्त्र उद्योग इत्यादि समूह। इन दबाव समूहों द्वारा सरकार पर उपनिवेशों की संख्या वृद्धि हेतु दबाव
(ii) (अधिक मांग) - क्रय शक्ति में वृद्धि, मांग अधिक, जिसके समाधान आपूर्ति हेतु उपनिवेशों में तीव्र वृद्धि

निष्कर्षतः, उक्त कारणों से प्रेरित हो शक्तिशाली यूरोपीय राष्ट्रों व अमेरिका व जापान द्वारा उपनिवेशों व संख्या में तीव्र वृद्धि की गई जिसे "नवसाम्राज्यवाद की संज्ञा दी गई।

5(Five)
(Q.14)

**Unit – II** **(65 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

15. What comprises non-tax revenue of the Central Government ?

केन्द्रीय सरकार के गैर–कर राजस्व में क्या समाविष्ट होता है ?

(i) अनुदान (v) विदेशी ऋणों पर ब्याज

(ii) ऋण (आंतरिक व बाह्य)

(iii) शुल्क, फीस, जुर्माना

(iv) सार्वजनिक उपक्रमों से प्राप्त लाभांश

0.75(Zero¾) (Q.15)

16. Write the name of the three economic railway corridors, which were announced in the interim budget for 2024-25 under the P.M. Gati Shakti Framework.

उन तीन आर्थिक रेलवे गलियारों के नाम लिखिए जिन्हें प्रधानमन्त्री गतिशक्ति ढाँचे के अन्तर्गत 2024-25 के अन्तरिम बजट में घोषित किया गया ।

(i) अमृतसर – मुम्बई रेलवे गलियारा

(ii) उत्तर दक्षिण आर्थिक रेलवे गलियारा

(iii) उत्तर पूर्व आर्थिक रेलवे गलियारा

✗ 0 (Zero) (Q.16)

17. What is the inflation targeting framework of Reserve Bank of India ?
भारतीय रिज़र्व बैंक का मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचा क्या है ?

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उर्जित पटेल समिति की सिफारिश पर
4 ± 2 तक की मुद्रास्फीति बनाए रखने का लक्ष्य निर्धारित
किया है। यह CPI के आधार पर निर्धारित किया जाता है
→ मौद्रिक नीति समिति का गठन 6 सदस्यीय → 3 RBI, 3 केन्द्र सरकार

1.5(One½)
(Q.17)

18. Why Gyan Sankalp Portal has been established by Government of Rajasthan ?
राजस्थान सरकार के द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल को क्यों स्थापित किया गया है ?

2013 में शिक्षा विभाग द्वारा शुरू जिसके माध्यम से विद्यालय
को में राशि सहायता / अनुदानपूर्वक प्रदान की जा सकती है
उद्देश्य (i) विद्यालय विकास हेतु जनसहभागिता में वृद्धि (ii) विद्यालयों में
आधारभूत सुविधाओं का विकास (iii) विद्यालय-समाज अनुक्रिया को बढ़ावा

1.5(One½)
(Q.18)

19. What is the main objective of Rajasthan Janani Shishu Suraksha Yojana ?
राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

2011 में शुरू चिकित्सा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा
उद्देश्य (i) संस्थागत प्रसव में वृद्धि (ii) गर्भवती-प्रसूता व नवजात
बालक को स्वास्थ्य सेवाओं व देखभाल प्रदान करना।
(iii) मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी (iv) सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज
→ इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र में 1400 रु व शहरी क्षेत्र में 1000 रु (प्रति प्रसव) को प्रदान किए जाते हैं व 30 दिन तक निःशुल्क चिकित्सा सहायता

1.25(One¼)
(Q.19)

Unit – II /Part – B

Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

20. What are the main objectives of Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana ?
प्रधानमन्त्री किसान सम्पदा योजना के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

2017 में शुरू, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के अधीन

उद्देश्य (i) फार्म गेट से रिटेल आउटलेट तक आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन
(ii) सुदृढ़ प्रसंस्करण व कृषि उद्योग वातावरण हेतु बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज
(iii) खाद्य प्रसंस्करण हेतु बुनियादी ढांचे का विकास - मेगा फूड पार्क
(iv) कृषि व्यवसायीकरण व विविधीकरण द्वारा कृषकों की आय में वृद्धि - रोजगार सृजन
(v) प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों व खाद्य बाजार में भारत को अग्रणी बनाना।
(vi) सामाजिक आर्थिक विकास में कृषकों का समावेशन

3.5(Three½)
(Q.20)

7 घटक (i) मेगा फूड पार्क (ii) एकीकृत कोल्ड चेन व वैल्यू एडीशन इन्फ्रास्ट्रक्चर
(iii) खाद्य प्रसंस्करण बुनियादी ढांचा (iv) खाद्य प्रसंस्करण क्षमता का सृजन व विस्तार
(v) बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज (vi) मानव संसाधन विकास
(vii) खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना।

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

21. What are the functions of Bureau of Investment Promotion in Rajasthan ?

राजस्थान में निवेश संवर्धन ब्यूरो के क्या कार्य हैं ?

भारत निवेश संवर्धन ब्यूरो की स्थापना निवेश गतिविधियों के नियमन नियंत्रण हेतु शीर्ष निकाय के रूप 1991 में की गई

(i) 10 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का अनुमोदन

(ii) निवेश संबंधी प्रक्रियाओं का सरलीकरण

(iii) निवेश संबंधी नियम, विनियम व शर्तों का निर्धारण व नीति निर्माण

(iv) निवेश बढ़ाने हेतु कार्यशालाओं, समिट का आयोजन जैसे इन्वेस्टर राजस्थान समिट

(v) निवेश संवर्द्धन हेतु राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग व [illegible]

(vi) निवेश सुरक्षा, निवेश गतिविधियों का नियमन व नियंत्रण

1.5(One½)
(Q.21)

22. What are the objectives of 'SVAMITVA' Scheme in India ?

भारत में 'स्वामित्व' योजना के उद्देश्य क्या हैं ?

→ अप्रैल 2020 में शुरू - विभाग - राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग व ASI द्वारा

उद्देश्य - (i) ग्रामीण क्षेत्र में संपत्ति के स्वामित्व का स्पष्ट निर्धारण

(ii) भू स्वामित्व व स्वामियों का डिजिटल डेटाबेस निर्माण

(iii) ग्रामीणों को संपत्ति कार्ड जारी करना

(iv) भू अभिलेख संबंधी जटिलताओं व विवादों का हल

कार्य - (i) ग्रामीण क्षेत्र में भूमि का ड्रोन द्वारा मानचित्रीकरण

(ii) E ग्राम मानचित्र रूप पर भूमि सीमाओं व स्वामित्व का ब्यौरा

(iii) स्वं नीति नियोजन में सहयोग

3.5(Three½)
(Q.22)

23. What are the targets of National Logistics Policy of India ?
भारत की राष्ट्रीय रसद नीति के लक्ष्य क्या हैं ?

राष्ट्रीय रसद नीति - 17 सितम्बर 2022 को जारी
लक्ष्य - (i) लॉजिस्टिक लागत को सिंगल डिजिट (8%) तक लाना
(ii) लॉजिस्टिक दक्षता सूचकांक में टॉप 25 देशों में शामिल होना
(iii) सुदृढ़ कुशल लॉजिस्टिक पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना
(iv) रिइंजीनियरिंग, डिजिटलाइजेशन व मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन पर बल (v) मानव संसाधन विकास
(vi) लॉजिस्टिक संबंधी अनुमोदन/स्वीकृति का एकीकृत प्रबंधन
कार्य - (i) लॉजिस्टिक पार्क, भौतिक संपत्ति मानकीकरण (ii) यूनिफाइड लॉजिस्टिक इंटरफेस, (iii) E-logistics
(iv) विदेशों में भारतीय उत्पादों की ब्रांडिंग व विपणन हेतु सहायता

1.5(One½)
(Q.23)

24. Describe the main recommendations of Sixth State Finance Commission of Rajasthan.
राजस्थान के छठवें राज्य वित्त आयोग की मुख्य सिफारिशों का वर्णन कीजिये ।

राज्य के 6 वें वित्त आयोग का गठन "प्रद्युम्न सिंह" की अध्यक्षता में किया गया
सिफारिशें - (i) राज्य के राजस्व का 6.75% धन स्थानीय स्वशासन निकायों को प्रदान किया जाए
(ii) ग्राम पंचायत 75%, पंचायत समिति 20% व जिला परिषद को 5% हिस्सा प्रदान किया जावे।
(iii) पंचायत राज संस्थाओं के शुल्क/कीत राजस्व में वृद्धि की सिफारिश
(iv) तीनों स्तरों पर योजनाओं व अधिकारियों में सामंजस्य
(v) अनुदान राशि का निश्चित हिस्सा आधारभूत अवसंरचना विकास व (30%) राशि स्वच्छता हेतु

1.5(One½)
(Q.24)

Unit – II / Part – C

Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

25. Discuss the salient features of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in India.

भारत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिये।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रारंभ फरवरी 2016 मे किया गया था

उद्देश्य (i) प्राकृतिक आपदा/आकस्मिकता से किसानों की सुरक्षा

(ii) कृषि उत्पादों के मूल्य मे स्थिरता प्रदान करना

(iii) किसानों को आधि उत्पादन व तकनीकी समावेशन हेतु प्रेरित करना

(iv) उपज का उचित मूल्य प्रदान करना।

(v) कृषि क्षेत्र मे सार्वभौमिक बीमा कवरेज प्रदान करना।

# योजना के तहत रबी, खरीफ व बागवानी फसलों पर प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है.

- रबी → 1.5%
- खरीफ - 2%. प्रीमियम का भुगतान
- बागवानी → 5%

# फसल बीमा योजना के तहत मृदा उर्वरता की जाँच व सुझाव हेतु 'किसान सहायता केन्द्रों' की स्थापना की गई

# बीमा क्लेम के आवेदन हेतु ऑनलाइन पोर्टल

# क्लेम के तीव्र निस्तारण व निष्पादन हेतु डेडिकेटेड प्रकोष्ठ का गठन

५ सूखा, बाढ़, आगजनी, अन्य प्राकृतिक घटनों के विरुद्ध किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है।

3(Three)
(Q.25)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

26. Discuss in brief India's updated Nationally Determined Contribution (NDC) submitted to the United Nations Framework Convention to Climate Change (UNFCCC).
जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अद्यतित योगदान पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के तहत देशों को जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता को निर्धारित करना होता है जिसके तहत भारत द्वारा लक्ष्य निर्धारित

(i) 2070 तक कार्बन न्यूट्रल का दर्जा हासिल करना।

(ii) 2030 तक आधी ऊर्जा आवश्यकताओं को गैर जीवाश्म ईंधन / संसाधनों से पूरा करना।

(iii) वनीकरण व वृक्षारोपण गतिविधियों से 2-2.5 million टन प्रतिवर्ष का कार्बन सिंक तैयार करना।

(iv) मिशन लाइफ के तहत पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने हेतु प्रतिबद्धता

(v) जलवायु अनुकूलन, अनुसंधान कार्यक्रम व अनुकूलन हेतु वित्त प्रबंधन

(vi) 2030 तक कार्बन उत्सर्जन तीव्रता को वर्तमान स्तर से 45% तक कम करना

(vii) कार्बन टैक्स, सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से जैविक ईंधन → नवीनीकरण ऊर्जा की ओर शिफ्ट

(viii) जलवायु परिवर्तन के संबंध में वार्षिक COP सम्मेलन व UNFCC द्वारा निर्धारित मानदंडों का अनुपालन

(ix) ग्लोबल स्टॉकटेक रिपोर्ट के तहत तापमान 1.5°C बनाए रखने हेतु नीतिगत उपाय

(x) One Sun One Grid, पी एम प्रणाम इत्यादि योजनाओं का क्रियान्वयन

निष्कर्षतः UNFCC के जलवायु परिवर्तन संबंधी लक्ष्यों के प्रति भारत का NDC, जलवायु परिवर्तन से Counter करने का उचित मार्गदर्शक है।

6(Six)
(Q.26)

27. Write a short note on Rajasthan Water Sector Livelihood Improvement Project (RWSLIP).

राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

→ 2018 में शुरू, JICA (जापान) द्वारा उक्त परियोजना को वित्त पोषण प्रदान किया जा रहा है
7 वर्ष की अवधि हेतु सञ्चालित।

# उद्देश्य - (i) सिंचाई परियोजना का सुदृढ़ीकरण व सुधार
(ii) परियोजना क्षेत्र में पारिस्थितिकी संतुलन का नियमन
(iii) सिंचित क्षेत्र विकास व सतत जल प्रबंधन
(iv) सूक्ष्म सिंचाई व कृषि विविधिकरण को प्रोत्साहन
(v) वर्षा जल संरक्षण व भूजल दोहन का नियमन
(vi) परियोजना क्षेत्र में ग्रामीण, समूहों को आजीविका अवसरों में वृद्धि
(vii) मरुस्थलीकरण को सीमित करना...

# कार्य - परियोजना के तहत 27 जिलों की 137 सिंचाई परियोजनाओं को शामिल किया गया
(i) इन परियोजनाओं के आधारभूत आसंरचना यथा नहर, माइनर, खाला इत्यादि की मरम्मत
(ii) सिंचाई परियोजनाओं के संचालन हेतु आकस्मिक राजस्व व्यवस्था का प्रबंधन
(iv) मरुस्थलीकरण प्रसार को रोकने हेतु वनारोपण, वृक्षारोपण गतिविधियाँ करना
(v) सामुदायिक सहयोग से सिंचित जल प्रबंधन व वर्षा जल संग्रहण
(vi) ग्राम स्तर स्वयं सहायता समूहों को गठन व आजीविका अवसरों का सृजन
(vii) प्रशिक्षण व प्रबंधन हेतु वित्त व तकनीकी सहायता

(निष्कर्ष) निष्कर्षतः उक्त परियोजना राजस्थान में सिंचित क्षेत्र विकास व आजीविका सृजन हेतु अति महत्वपूर्ण।

4(Four)
(Q.27)

Paper-I

(20 Marks)

Unit – III (Section – A)

Marks : 10

Part – A

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

28. What do you mean by Westoxication ?
वेस्टोक्सीकेशन से आपका क्या अभिप्राय है ?

वेस्टोक्सीकेशन से अभिप्राय पाश्चात्य संस्कृति के नकारात्मक तत्वों के स्थानीय संस्कृति में शामिल होने से है
जैसे- व्यक्तिवादी संस्कृति, पोर्नोग्राफी इत्यादि
यह पश्चिमी देशों के विकासशील व अल्प देशों में वैचारिक, आर्थिक, सांस्कृतिक आधिपत्य का प्रतीक

0 (Zero)
(Q.28)

29. Mention the forms of Cultural Flow discussed by Arjun Appadurai regarding Global Society.
अर्जुन अप्पादुरई द्वारा वैश्विक समाज के संदर्भ में उल्लेखित सांस्कृतिक प्रवाह के स्वरूपों का उल्लेख कीजिए।

0 (Zero)
(Q.29)

30. Casual Employment

अनियत रोज़गार

रोजगार का वह स्वरूप जहाँ व्यक्ति अनुबंध आधार पर प्रति घंटे प्रति कार्य के आधार पर कार्य करता है जिसमे रोजगार की निरन्तरता नही होती। इसमे चक्रीय आधार पर या मौसमी रोजगार मे संलग्न व्यक्ति भी शामिल उदा: गिग वर्कर्स

0.25(Zero¼)
(Q.30)

31. Culture of Poverty

निर्धनता की संस्कृति

निर्धनता की संस्कृति से अभिप्राय निर्धनता की पीढी दर पीढी निरंतरता व निर्धन व्यक्तियों की जीवनशैली व मूल्यो के अल्प वर्गों से निरन्तर विभेदन की प्रकृति से है। इसमे निर्धन व्यक्ति निर्धनता को अपना भाग्य समझ लेता है

0.5(Zero½)
(Q.31)

32. Demerits of Dowry System

दहेज प्रथा के दोष/कमियाँ

(i) विवाह के पवित्र स्वरूप मे विकृति (ii) गरीब परिवारो पर आर्थिक बोझ (iii) महिलाओ का वस्तुकरण (iv) महिलाओ के प्रति घरेलू हिंसा दहेज के मामलो मे वृद्धि (v) तलाक के मामलो मे वृद्धि (vi) महिलाओ को द्वितीय नागरिक का दर्जा (vii) सामाजिक नैतिकता समाप्त

2(Two)
(Q.32)

Paper-I



## Unit – III (Section – A)

### Part – B

Marks : 10

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

33. How Caste system represents segmental division of society ?

किस प्रकार जाति व्यवस्था समाज के खण्डात्मक विभाजन को प्रस्तुत करती हैं ?

जाति व्यवस्था समाज के खण्डात्मक विभाजन का आधार
(i) समाज कई जातियों, उप जातियों – श्रेणियों में विभाजित
(ii) जातियों में पदसोपानिकी व्यवस्था कुछ जाति उच्च तो कुछ जाति निम्न मानी जाती है। जाति विशेष के भीतर भी पदसोपान
(iii) प्रत्येक जाति का निश्चित पेशा / व्यवसाय निर्धारित
(iv) जाति के आधार पर प्रत्येक निर्योग्यताएं व विशेषाधिकार आरोपित
(v) प्रत्येक जाति की विशिष्ट जीवन शैली, मूल्य विचारधारा
(vi) पवित्रता – प्रदूषण अवधारणा (vii) अन्तर्संबंधों पर प्रतिबंध

4(Four)
(Q.33)

34. Present the socio-economic profile of Garasia Tribe.

गरासिया जनजाति की सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल (रूपरेखा) प्रस्तुत कीजिए ।

सामाजिक – पितृसत्तात्मक समाज, एकल परिवार, पुत्र विवाह के बाद परिवार से अलग, नाता प्रथा, विधवा विवाह की अनुमति
विवाह – मोरबंधिया, ताणना, पहरावणा (मूल्य) – दापा, कूडे
पंचायत का मुखिया सहलोत जो सामाजिक धार्मिक मामलों को निपटारा करता है
# त्रिस्तरीय पंचायत – (i) मोटकी नियात (ii) नेनकी नियात (iii) निचली नियात
# आर्थिक – (i) वनोपज, शिकार, पर निर्भर
# (ii) कुछ समूह द्वारा स्थानांतरित कृषि द्वारा जीविका
# प्रथम श्रेणी रोजगार की अनुपस्थिति # आधुनिक आर्थिक व्यवस्था से कटाव

4(Four)
(Q.34)

Unit – III (Section – B) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

35. What do you mean by the 'depth' of product portfolio ?

उत्पाद पोर्टफोलियो की 'गहराई' से आपका क्या तात्पर्य है ?

उत्पाद पोर्टफोलियो की "गहराई" से उत्पाद की रखी रूप किस्म, प्राप्ति लेवलिंग के निर्धारण में किसकी विशेषज्ञता, तकनीकि व गहनता के स्तर से है।

0.25(Zero¼) (Q.35)

36. Who propounded the theory of 'Irrelevance of Capital Structure' ? Write one key assumption of the theory.

'पूँजी संरचना की अप्रासंगिकता' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ? सिद्धान्त की एक प्रमुख अवधारणा लिखिए।

×

0 (Zero) (Q.36)

37. List four leadership behaviours under 'Path Goal Theory of Leadership'.

'नेतृत्व के पथ लक्ष्य सिद्धान्त' के अंतर्गत चार नेतृत्व व्यवहारों की सूची बनाएँ।

(i) मार्गदर्शन

(ii) अभिप्रेरण

(iii) अंतर्वैयक्तिक संबंध निर्माण

(iv) व्यवहार / भय प्रवर्तन

0 (Zero)
(Q.37)

38. List two criteria (as per SEBI) for qualifying as an 'Angel Investor' in India.

भारत में 'एंजेल निवेशक' के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए दो मापदंड (सेबी के अनुसार) सूचीबद्ध करें।

(i) एकल व्यक्ति हो कंपनी न हो

(ii) SEBI के अधीन पंजीकृत हो

0.25(Zero¼)
(Q.38)

39. Expand 'MICE'.

'MICE' का विस्तार करें।

(i) meetings

(ii) Incentives

(iii) conference

(iv) Entrepreneurship

1.5(One½)
(Q.39)

## Unit – III (Section – B)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

40. Who proposed Three-Needs Theory ? List and explain in brief those three needs.
त्रि–आवश्यकता सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ? उन तीन आवश्यकताओं की सूची बनाकर संक्षेप में बताएँ।

त्रि आवश्यकता सिद्धांत मॉर्गन द्वारा किया गया

(i) जैविक आवश्यकताएं व जैविक कारकों हार्मोन, शरीर क्रियात्मक गतिविधियों द्वारा निर्धारित। इसमें नींद भूख आवश्यकताएं इत्यादि शामिल

(ii) सामाजिक आवश्यकता व सामाजिक सुरक्षा, सहसम्बद्धता व नेटवर्क की आवश्यकता, सामाजिक आवश्यकता इदा- परिवार, स्वस्थ सामाजिक संबंध

(iii) मनोवैज्ञानिक, आत्मसम्मान आवश्यकता व वे कारकों व्यक्ति के आत्मसम्मान व आत्मसिद्धि से जुड़े हुए हैं।

0 (Zero)
(Q.40)

Do Not Write Here
यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. What are various types of NBFCs as per Reserve Bank of India (RBI) ?

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के अनुसार विभिन्न प्रकार की NBFC क्या हैं ?

0 (Zero)
(Q.41)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

## Unit – III (Section – C) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

42. Give any four objectives of Auditing.

अंकेक्षण के कोई चार उद्देश्य दीजिए ।

(i) त्रुटि, कपट, अशुद्धि को पकड़ना
(ii) छल कपट की जानकारी
(iii) वित्तीय लेखों की सत्यता व शुद्धता का प्रमाणन
(iv) कानून का अनुपालन

1.25(One¼)
(Q.42)

43. Write down any four duties of Comptroller and Auditor General of India.

भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक के कोई चार कर्तव्य लिखिए ।

(i) भारत की संचित निधि / राज्यों की संचित निधि से व्ययों व लेखों की जाँच
(ii) भारत सरकार / राज्य सरकार को लेखा प्रपत्रों के संबंध में सलाह प्रदान करना।
(iii) लोक लेखा समिति का मार्गदर्शन व सलाह प्रदान करना।
(iv) कर की शुद्ध मात्रा का निर्धारण व प्रमाणन
(v) संघ / राज्यों की लेखा रिपोर्ट क्रमशः संसद व राज्य विधानमंडल को सौंपना।

0 (Zero)
(Q.43)

44. Write down elements of Auditing as per definition given by International Auditing & Assurance Standards Board (IAASB).

अन्तर्राष्ट्रीय अंकेक्षण तथा आश्वासन मानक मण्डल (IAASB) द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार अंकेक्षण के तत्त्व लिखिए ।

(I) स्वतंत्र व योग्य व्यक्ति द्वारा जाँच
(II) वित्तीय विवरणों की सत्यता

0.25(Zero¼)
(Q.44)

45. Write down any four essential features of Zero Based Budgeting.

शून्य आधार बजटन की कोई चार मूलभूत विशेषताएँ लिखिये ।

(I) प्रत्येक वर्ष बजट शून्य से प्रारम्भ होता है
(II) गत वर्ष के आवंटनों व परिणामों का प्रभाव नहीं
(III) प्रत्येक नवीन मांग हेतु औचित्य। आधार प्रदान करना होता है
(IV) उत्पादकता व उपयोगिता के क्रम में बजट आवंटन

1(One)
(Q.45)

46. Write any two objectives of performance budgeting as recommended by Administrative Reforms Commission.

प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार निष्पादन बजटन के कोई दो उद्देश्य लिखिये ।

(I) संसाधनों का ईष्टतम व कुशलतम उपयोग
(II) लक्ष्यों व कार्य निष्पादन में न्यूनतम अंतर हो
(III) बजट तथा योजनाओं परियोजनाओं में समन्वय
(IV) लागत व अपव्यय नियंत्रण

0.25(Zero¼)
(Q.46)

## Unit – III (Section – C)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

47. Write down any five techniques of financial statements analysis.

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की कोई पाँच तकनीकें लिखिये।

(i) अनुपात विश्लेषण ⇒ दो मदों के मध्य गणितीय संबंध स्थापित कर विशिष्ट क्रिया / व्यापार के निष्पादन की जानकारी - उदा. लाभदायकता अनुपात, तरलता क्रियाशीलता अनुपात
(ii) समविच्छेद बिंदु विश्लेषण ⇒ वह बिंदु जिस पर व्यवसाय की सभी लागतें विक्रय मूल्य से पूरी हो जाती हैं। न लाभ न हानि का बिंदु
(iii) कोष प्रवाह विश्लेषण ⇒ कार्यशील पूंजी में परिवर्तन का माप, यह कोषों के स्रोत व व्यय की जानकारी देता है
(iv) समानान्तर वित्तीय विवरण ⇒ एक ही अवधि के आंकड़ों का विश्लेषण व एक मद को आधार मान शेष को उसके % के रूप में व्यक्त
(v) तुलनात्मक वित्तीय विवरण ⇒ एक से अधिक अवधि के आंकड़ों के विश्लेषण हेतु

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

5(Five)
(Q.47)

48. Give journal entries for the following transactions without narration :

(1) Goods sold to B for ₹ 20,000 in cash and ₹ 10,000 on credit.

(2) Goods returned by B for ₹ 5,000.

(3) Withdrew goods of ₹ 5,000 for personal use.

(4) Furniture purchased for office purpose worth ₹ 30,000.

(5) Goods worth ₹ 5,000 burnt by fire.

निम्नांकित व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ बिना विवरण के दीजिये :

(1) बी को ₹ 20,000 का माल नगद व ₹ 10,000 का उधार बेचा ।

(2) बी द्वारा ₹ 5,000 का माल लौटाया गया ।

(3) ₹ 5,000 का माल व्यक्तिगत उपयोग के लिए निकाला गया ।

(4) ऑफिस कार्य के लिए ₹ 30,000 मूल्य का फर्नीचर खरीदा ।

(5) ₹ 5,000 मूल्य का माल आग से नष्ट हो गया ।

(1) Cash A/c Dr Sales A/c Dr
B A/c Dr To Cash A/c
To Sales A/c To B A/c

(2) Stock A/c Dr B A/c Dr
To B A/c To Stock A/c

(3) Capital A/c Dr
To Stock A/c

(4) Furniture A/c Dr
To Cash A/c

(5)

0 (Zero)
(Q.48(i))

0 (Zero)
(Q.48(ii))

0 (Zero)
(Q.48(iii))

0 (Zero)
(Q.48(iv))

0 (Zero)
(Q.48(v))

SPACE FOR ROUGH WORK

furnishem All

To Cen